हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 33 .2 डिग्री
न्यूनतम 22 .2 डिग्री

9 चंडी-शीतला मंदिर के ज्योत-जंवारा का जलसन...



10 धमतरी मार्ग में बड़े पेड़ों की मशीन से कटाई के ...



कुरुद | सिरीं | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

खबर संक्षेप

बाजे-गाजे के साथ किया प्रतिमाओं का विसर्जन



डाही(धमतरी)। ग्राम पंचायत हंकारा के आश्रित गांव कसही में नौ दिनों की पूजा- आराधना के बाद पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विदाई दी गई। वाहनों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को बिठाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जसगीत मंडलियां सेवा गीत गाते हुए चल रही थीं। गांव से लगे तालाब में भक्तों ने नम आंखों से माता को अंतिम विदाई दी।

चाकू लहराकर राहगीरों को डराने के आरोप में तीन गिरफ्तार



कुरूद। दशहरा पर्व से पहले कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुरूद पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए चाकू लेकर लोगों को डराने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन धारदार चाकू जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार चरमुड़िया अंडरब्रिज स्थित एनएच-30 से राखी निवासी ओंकार मंडावी (22) को पकड़ा गया। उस पर चाकू लहराकर राहगीरों को डराने का आरोप है। दूसरी कार्रवाई में कुरूद रोड स्थित सांधा चौक शराब भट्ठी के पास से बालोद जिले के गुरूर क्षेत्र के पेरपार निवासी सतीश कुमार पटेल (22) को चाकू के साथ पकड़ा गया। इसी तरह भरदा चौक से कुरूद थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन चरमुड़िया निवासी हर्ष यादव (18) को बटनदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक वह चाकू लहराकर लोगों को आतंकित कर रहा था। तीनों मामलों में पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत अलग-अलग अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

हार्नबिल रेस्टोरेंट : मालाबार पाइड हार्नबिल का दायरा 6 रेंज तक फैला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उदंती रेंज में नजर आया धनेश, चार साल में अभूतपूर्व विस्तार

वन्य जीव के संरक्षण और जैव विविधता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से उत्साहजनक खबर सामने आई है। रिजर्व के उत्तर उदंती रेंज में हाल ही में गश्ती दल ने दुर्लभ पक्षी मालाबार पाइड हार्नबिल की मौजूदगी दर्ज की है। इस नई उपलब्धि के साथ अब यह खूबसूरत पक्षी टाइगर रिजर्व के 6 से 8 रेंज में दर्ज हो चुका है, जो पिछले चार वर्षों में इसके फैलाव और बेहतर होते प्राकृतिक आवास का प्रमाण है।

पक्षियों के अनुकूल आवास और भोजन व्यवस्था सुधारने वन विभाग ने केवल सुरक्षा ही नहीं बल्कि पक्षियों के अनुकूल आवास एवं भोजन व्यवस्था के लिए अनूठी पहल शुरु की है। हार्नबिल रेस्टोरेंट के तहत जंगल में फलदार वृक्षों के समूह विकसित किए जा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और आदिवासियों के पारम्परिक ज्ञान का उपयोग करते हुए पक्षियों की गतिविधियों एवं घोसलों पर नजर रखने उन्हें हार्नबिल ट्रैकर के रूप में जोड़ा गया है। प्रकृति आधारित आजीविका का अवसर पैदा करने हार्नबिल सफारी योजना पर काम किया जा रहा है।

यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन का कहना है कि हार्नबिल के 6 रेज में विस्तार होने पर्यावरण सुधार के सकारात्मक संकेत हैं। हालांकि क्षेत्रों में प्रसार को ⏭ शेष पेज 9 पर

जंगल का किसान है हार्नबिल

मालाबार पाइड हार्नबिल भारतीय उपमहाद्वीप का एक विशिष्ट आकर्षक पक्षी है जिसे हिन्दी में धनेश या मलबारी भी कहा जाता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह पक्षी वन पुनर्जीवन का महत्वपूर्ण वाहक माना जाता है। यह फलों के बीज को दूर- दूर तक फैलाकर वनों के पुनर्जीवन और वृक्षों की विविधता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। हार्नबिल के बढ़ते कुनबे और प्रसार के पीछे टाइगर रिजर्व प्रशासन की लैंड स्केप सुरक्षा व्यवस्था का बड़ा योगदान है जिसमें 1 हजार हेक्टेयर वन भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने, 500 से अधिक शिकारी, वन्यजीव तस्करों की गिरफ्तारी, गश्त बढ़ाने के साथ जंगल में आग पर रोकथाम की गई है।



कुल्हाड़ी घाट रेंज से विस्तार

वर्ष 2022 में मालाबार पाइड हार्नबिल मुख्य रुप से कुल्हाड़ी घाट रेंज तक सीमित देखे जाते थे। अब इसका दायरा बढ़कर दक्षिण उदंती, अरसीकन्हार, तौरेंगा, इंदागांव और अब उत्तर उदंती रेंज में फैल गया है। वर्तमान में कुल्हाड़ी घाट और दक्षिण उदंती रेंज में यह पक्षी प्रतिदिन दिखाई दे रहा है।

उमंग, उत्साह के साथ मना दशहरा उत्सव, जय जय श्रीराम के लगे नारे

धूं धूं कर जला 45 फीट का रावण





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

करीब 45 फीट रावण के पुतले के जलते ही पूरा एकलव्य परिसर भगवान श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इसके बाद रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई, जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। लोग टकटकी लगाए आतिशबाजी का दृष्य देखते रहे। इस बार भीड़ अच्छी रही, जिसके चलते पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दशहरा का उत्सव मनाया गया।

नौ दिन तक मां शक्ति की आराधना के बाद 20 अक्टूबर को बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा धूमधाम से मनाया गया। गांव-गांव में रावण का पुतला दहन और रामलीला का मंचन किया गया। धमतरी में नगर निगम ने इस साल 45 फीट ऊंचाई वाले रावण का



पुतला तैयार किया था। इस बार उत्सव की जगह में थोड़ा परिवर्तन किया गया। एकलव्य खेल परिसर में रावण दहन का आयोजन किया गया। पर्व के एक दिन पहले ही रावण के पुतले को रामलीला मैदान में खड़ा करना शुरू कर दिया गया था। मंगलवार को रावण का स्वरूप देखने के लिए दोपहर के बाद ही लोगों का आना-जाना शुरू हो गया था। शाम से पहले ही यहां मेला सज गया था। गणेश चौक से लेकर विंध्यवासिनी मंदिर तक खचाखच भीड़ नजर आई। शाम को अछोटा की नाट्य कला मंडली द्वारा रामलीला का मंचन शुरू किया गया। करीब डेढ़ घंटे तक रामलीला चली। इसके बाद रावण का वध किया गया। भगवान राम के वेशधारी कलाकार और जनप्रतिनिधियों ने तीर से रावण की नाभि पर प्रहार किया। नाभि पर तीर लगते ही रावण का पुतला धू धू कर जलने लगा। इस दौरान पूरा माहौल भगवान राम के जयघोष से गूंज उठा।

इस साल रावण के पुतले का कद बढ़ाया गया था। पिछले साल 40 फीट उंचा रावण का पुतला था। इस साल 5 फीट बढ़ाकर 45 फीट उंचा पुतला ⏭ शेष पेज 13 पर

शस्त्र पूजा के बाद निकली शौर्य यात्रा

मराठा समाज विजयादशमी को हर साल धूमधाम से मनाता है। इस साल भी सुबह से मराठा समाज के सभी घर में शस्त्र पूजा की गई। शाम को मां तुलजा भवानी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मराठा समाज ने शौर्य यात्रा निकाली। यह यात्रा मराठापारा, गणेश चौक होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची, जहां पर रैनी की टहनी को तलवार से काटा गया। इसके बाद सभी घर लौट आए। हर घर के मुख्य द्वार पर रंगोली सजाकर लकड़ी का पीढ़ा रखा गया था। शौर्य यात्रा से लौटने पर इसी पीढ़ा में घर के सदस्यों का आरती तिलक कर स्वागत किया गया। इस दौरान लोग एक दूसरे के घर जाकर रैनी पत्ता देते हुए एक दूसरे को विजयादशमी पर्व की बधाई दी।

शहर के विकास में सभी सहभागी बनें : ओंकार

दशहरा उत्सव में विधायक ओंकार साहू अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शहरवासियों से धमतरी के विकास के लिए संकल्प लेने और विकास कार्यों में सहभागी एवं सहयोगी बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से ही धमतरी का समग्र विकास संभव है। आगे कहा कि शहर के विकास के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। विकास कार्यों में अपनी सहभागिता निभाएं और धमतरी को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

अपनी बुराइयों को नष्ट करने का संकल्प लें : रोहरा



महापौर रामू रोहरा ने कहा कि दशहरा का यह आयोजन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। उन्होंने कहा कि अहंकार का अंत होना चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति को अपने भीतर छिपी बुराइयों को नष्ट करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि धमतरी का विकास सभी के सहयोग से हो रहा है। शहर के विकास और बेहतर भविष्य के लिए आपसी सहयोग, सकारात्मक सोच और सामूहिक प्रयास जरूरी है। मौके पर पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, लेखराम साहू, रंजना साहू, विपिन साहू, विजय मोटवानी, नरेंद्र रोहरा, अखिलेश सोनकर, तल्लीनपुरी गोस्वामी, अर्चना चौबे, बीथिका विश्वास, कविंद्र जैन, शशि पवार, मेघराज ठाकुर, संतोष सोनकर, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

रिक्छिन माता मगरलोड में आज भक्तों को देंगी दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

करेली छोटी में रिक्छिन माता विराजित हैं। वर्ष में एक दिन दशहरा पर्व पर माता अदृश्य रूप में डांग के पालों में विराजमान होकर दर्शन देती हैं। दशहरे के दूसरे दिन रिक्छिन माता का करेली छोटी से मगरलोड आगमन पुरानी परम्परा रही है।

इस दिन ब्लॉक मुख्यालय के दर्जनों गांवों से हजारों महिला, पुरुष व बच्चों की भीड़ जुटती है। रिक्छिन माता को उनके भक्त बाजे-गाजे के साथ लाते हैं। आतिशबाजी होती है। मगरलोड के अखाड़ेबाज कलाकार तलवार चालन, लाठी चालन सहित हैरतअंगेज कला का प्रदर्शन कर माता की अगुवाई करते हैं। चंडी माता स्थल पर रिक्छिन माता आकर विश्राम करती हैं।

अपने भाई - बहन से मिलने आती हैं

रिक्छिन माता का मगरलोड आगमन की परंपरा पर कहा जाता है कि मगरलोड के प्रवेश द्वार पर ठाकुर देवता तथा पुरानी बस्ती में रामगोपाल अग्रवाल सेठ के मकान के समीप चंडी माता विराजित हैं। दोनों देवी देवता रिक्छिन माता के भाई बहन हैं। माता अपने भाई बहन से वर्ष में एक दिन दशहरा के दिन मिलने आती हैं। मुख्यालय में रावण वध के बाद रात्रि में मनोरंजन के लिए राजनांदगांव का छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम रखा गया है।

विजयादशमी पर पुलिस ने की अस्त्र-शस्त्र की पूजा-अर्चना

■ हर्ष फायर कर निभाई गौरवशाली परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस ने विजयादशमी पर गौरवशाली परंपरा को निभाते हुए रक्षित केन्द्र सहित जिले के सभी थाना व चौकियों में अस्त्र-शस्त्र व शासकीय वाहनों की पूजा कर हर्ष फायर किया।

विजयादशमी पर्व सत्य की असत्य पर तथा धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर अस्त्र-शस्त्र की पूजा-अर्चना की प्राचीन परंपरा रही है जिसका निर्वहन धमतरी पुलिस द्वारा प्रतिवर्ष श्रद्धा व सम्मान के साथ किया जाता है। 20 अक्टूबर विजयादशमी के अवसर पर एसपी भावना पांडेय ने रक्षित केन्द्र में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की उपस्थिति में विधि-विधान से अस्त्र-शस्त्र एवं शासकीय वाहनों की पूजा अर्चना की। इस



दौरान पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारियों ने हर्ष फायर कर परंपरा का निर्वहन किया।

एसपी ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जिलेवासियों को विजयादशमी की बधाई देते हुए सभी की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसी प्रकार जिले में सभी थाना व चौकियों में भी परम्परागत रूप से अस्त्र-शस्त्र एवं शासकीय वाहनों की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान एएसपी शैलेन्द्र पांडे, होमगार्ड कमांडेंट शोभा ठाकुर, रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जांगड़े, मुख्य लिपिक निरीक्षक लक्ष्मी ध्रुव, स्टेनो निरीक्षक अखिलेश शुक्ला, परि. सूबेदार एसटीओ सुल्तान हुसैन, एएसआई रामावतार राजपूत, लता राजपूत, राजश्री तुर्रे, भेजूराम वर्मा, शास्त्रागार प्रभारी रामबिलास मिश्रा, डिगेश शर्मा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

न्यूनतम तापमान में आएगी गिरावट

■ पांच दिनों के बाद मौसम में परिवर्तन की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। आगामी दो दिनों में 1 से 2 डिग्री तापमान और गिरने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में दो दिनों तक विशेष परिवर्तन नहीं होने तथा इसके बाद 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 31 तथा न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया है।

तैयार हो रहा है निम्न दाब का केंद्र

दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और इससे सटे तमिलनाडु तट के ऊपर 5.8 किमी पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके प्रभाव से आगामी 24 घंटे के दौरान एक निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और इससे सटे तमिलनाडु तट के उपर मौजूद चक्रवाती परिसंचरण से उत्तरी तटीय आंध्रप्रदेश तक समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर द्रोणिका बनी हुई है। बताया जा रहा है कि 5 दिनों के बाद मौसम में परिवर्तन की संभावना है।

अभनपुर-कुरुद ब्रॉडगेज लाइन पर यात्री सेवा शुरू, मुख्यमंत्री की मौजूदगी में केंद्रीय रेल मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

रायपुर से मेमू ट्रेन पहुंचते ही बरसे फूल, विधायक ने किया स्वागत







हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुद

कुरुद अंचल के निवासियों का बहुप्रतीक्षित सपना 20 अक्टूबर को साकार हो गया। अभनपुर-कुरुद नवनिर्मित ब्रॉडगेज रेललाइन पर नियमित यात्री सेवा का विधिवत शुभारंभ हुआ। रायपुर से चलकर पहली मेमू ट्रेन जैसे ही कुरुद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर पहुंची, पूरा परिसर जयकारों और उत्साह से गूंज उठा। कुरुद विधायक अजय चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष निरजंन सिन्हा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों और नागरिकों ने ट्रेन पर पुष्पवर्षा कर ऐतिहासिक स्वागत किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ताड़ोकी-रावघाट व अभनपुर-कुरुद यात्री रेल सेवा को हरी झंडी दिखाई, जबकि रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिरकत कर इलेक्ट्रिक लोको मेंटेनेंस शेड का शिलान्यास किया। सीएम साय ने इसे बस्तर व दक्षिण छत्तीसगढ़ में आर्थिक प्रगति, शिक्षा व स्वास्थ्य के विस्तार की दिशा में मील का पत्थर बताया। रायपुर से ट्रेन में सवार होकर भोजराज चंद्राकर, प्रभात बैस, कमलेश चंद्राकर समेत लगभग 150 कार्यकर्ता सफर करते हुए पहुंचे। मार्ग में चटौद और सिरीं स्टेशन पर भी ग्रामीणों ने ट्रेन का भव्य स्वागत किया।

रेल नेटवर्क अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा

इस ऐतिहासिक अवसर पर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि यह दिन कुरुद विधानसभा परिवार के लिए अत्यंत गौरवशाली और हर्ष का विषय है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश का रेल नेटवर्क अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है। बेहतर रेल कनेक्टिविटी से क्षेत्रवासियों के आवागमन को सुगम रास्ता मिलेगा और कुरुद के सर्वांगीण विकास की नई संभावनाओं को विस्तार मिलेगा।

आवागमन सुगम, अब धमतरी विस्तार की आस

कुरुद तक यात्री रेल सेवा शुरू होने से आम यात्रियों, छात्र-छात्राओं, नौकरी पेशा वर्ग और व्यापारियों को राजधानी रायपुर तक तेज, सुरक्षित और किफायती सफर का सीधा विकल्प मिल गया है, जिससे सड़क यातायात पर दबाव घटेगा। चटौद व सिरीं सहित पूरे ग्रामीण अंचल को जोड़ने वाली इस सेवा के शुरू होते ही अब समूचे क्षेत्रवासियों की निगाहें ब्रॉडगेज लाइन के धमतरी तक जल्द विस्तार पर टिक गई हैं। आगामी महीनों में धमतरी तक विस्तार होने पर पूरे अंचल के आर्थिक व व्यापारिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

खबर संक्षेप



नवदुर्गा उत्सव में प्रकृति पूजा का दिया संदेश

पुरी। लगभग 50-60 वर्षों से छाती के बाजार चौक में नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की जा रही है। इस वर्ष जय महाकाली जस झांकी, फाग गीत मंडली भोथली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि अर्पित जैन, पूर्व विधायक लेखराम साहू थे। लेखराम साहू ने मां दुर्गा के नौ रूप एवं उनकी शक्तियों का वर्णन किया। नरसिंह चंद्राकर ने प्रकृति की पूजा करने की प्रेरणा दी। अर्पित जैन ने मां दुर्गा से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। यह जानकारी नरेंद्र साहू सलाहकार ने दी।

माता की विदाई पर भक्तों के छलके आंसू

डाही(धमतरी)। नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया गया। माता का



दर्शन करने हर दिन भक्तों की भीड़ लगी। नौ दिनों तक जगह-जगह जसगीत, जगराता, नाचा, सेवा गीत का कार्यक्रम हुआ। माता की भक्ति में डूबे भक्तों ने सोमवार को महाष्टमी पर्व पर हवन कुंड में आहुति देकर विधि- विधान के साथ पूजा अर्चना की। नौ कन्या भोज भी कराया। नवमी के दिन सुबह से ही पंडालों में माता दुर्गा को विदाई देने के लिए माता के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

डाही में हवन के बाद नौ कन्या भोज हुआ



डाही(धमतरी)। महावीर चौक डाही में शारदीय नवरात्रि पर हवन पश्चात नौ कन्या भोज कराया गया। भक्तगणों के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर टेकू साहू, नेमू सिन्हा, डिगेश्वर पटेल, ओमेश्वर पटेल, खिलेश पटेल, ललित सिन्हा, ढालेश देवांगन, सुमन देवांगन सरपंच, ऋतु सिन्हा, मनोहर पटेल, तामेश्वर सिन्हा मौजूद थे। इसी प्रकार बाल समाज दुर्गोत्सव समिति द्वारा बाजार चौक में नवमी हवन कार्यक्रम किया गया।

निधन

मनराखन जोशी

डांडेसरा(धमतरी)। ग्राम डांडेसरा निवासी मनराखन जोशी 80 वर्ष का निधन 20 अक्टूबर को हो गया।



वे लैनबाई जोशी के पति एवं आत्माराम जोशी, जितेन्द्र जोशी, ओमप्रकाश जोशी के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम डांडेसरा के शांतिघाट में किया गया, जिसमें समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

दिल्ली में देवव्रत की प्रभारी संग एक घंटे की 'क्लोज-डोर' मीटिंग से हलचल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद कांग्रेस की नई बिसात : साहू बाहुल्य विधानसभा में युवा नेतृत्व की दावेदारी के संकेत

छग की सियासी रूप से चर्चित कुरूद विधानसभा में आगामी चुनाव को लेकर अभी से हलचल शुरू हो गई है। राहुल गांधी के आह्वान पर दिल्ली में आयोजित मार्च के सिलसिले में राजधानी पहुंचे कुरूद नगर पालिका उपाध्यक्ष और युवा कांग्रेस नेता देवव्रत साहू ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी एवं सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात की। भगत के आवास पर हुई करीब एक घंटे की इस मुलाकात के बाद कुरूद में उनकी संभावित चुनावी दावेदारी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

अलग खबर

तीन बार के पार्षद, युवाओं में पकड़

देवव्रत साहू लगातार तीन बार पार्षद चुने गए हैं और वर्तमान में नगर पालिका परिषद कुरूद के उपाध्यक्ष हैं। युवा कांग्रेस में सक्रिय भूमिका के चलते उनकी युवाओं के बीच भी पहचान है। मुलाकात के दौरान उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं, राजनीतिक परिस्थितियों और संगठन में युवाओं की भागीदारी से जुड़े मुद्दे रखे।



टिकट की दावेदारी को लेकर चर्चा

मुलाकात के बाद देवव्रत ने सुखदेव भगत के सहज और संवादशील व्यक्तित्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व का जमीनी कार्यकर्ताओं और युवाओं से सीधा संवाद संगठन को नई ऊर्जा देता है। साथ ही उन्होंने आगामी चुनाव में कांग्रेस की वापसी का भरोसा जताया। इस मुलाकात को आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी से जोड़कर देखा जा रहा है। ऐसे में यह देखना होगा कि दिल्ली में हुई यह बातचीत कुरूद की स्थानीय राजनीति में आगे क्या असर डालती है।

कुरूद विधानसभा में साहू समाज की भूमिका को अहम माना जाता है। ऐसे में देवव्रत की प्रदेश प्रभारी से मुलाकात को राजनीतिक नजरिए से देखा जा रहा है। बताया जाता है कि बातचीत के दौरान उन्होंने अपने पिता और कुरूद के पूर्व विधायक स्व. डॉ. चन्द्रहास साहू के कार्यकाल, चिकित्सा, उच्च शिक्षा और जनकल्याण से जुड़े कार्यों का उल्लेख किया। राजनीतिक जानकार इसे पिता की विरासत और क्षेत्रीय समीकरणों के सहारे अपनी दावेदारी मजबूत करने की कोशिश के रूप में देख रहे हैं।

बांधापारा में निर्माण कार्य का अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

पांच लाख के नाली निर्माण पर उठे सवाल, पार्षद ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगर पंचायत नगरी के शहीद धर्मेंद्र साव वार्ड क्रमांक 09 बांधापारा में पांच लाख की लागत से निर्माणाधीन नाली को लेकर वार्ड पार्षद और स्थानीय नागरिकों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों के पालन को लेकर आपत्ति दर्ज कराते हुए वार्ड पार्षद अलका साव एवं वार्डवासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा और उपाध्यक्ष विकास बोहरा को मौके पर बुलाकर निर्माण कार्य का निरीक्षण कराया। इस दौरान निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने की मांग की।

वार्डवासियों ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री और निर्धारित तकनीकी मानकों के पालन को लेकर चिंता जताई। उनका कहना है कि जनता की सुविधा के लिए स्वीकृत विकास कार्यों का लाभ लंबे समय तक मिलना चाहिए। वार्ड पार्षद अलका साव ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते वार्डवासियों की समस्याओं को सामने लाना और उनके हितों की रक्षा करना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वे अपने वार्ड और नगर के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। नाली निर्माण को लेकर उठे सवालों के बीच निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए तकनीकी जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। निर्माण में किसी प्रकार की अनियमितता हुई है या नहीं, इसका निर्धारण संबंधित विभाग की जांच, तकनीकी मूल्यांकन और निर्धारित मानकों के परीक्षण के आधार पर ही किया जा सकेगा।

वार्डवासियों ने नगर पंचायत के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने तथा शिकायतों का परीक्षण कराने की मांग की है। इस दौरान नगर साहू समाज के अध्यक्ष ईश्वर साहू, गणेश साहू, मूलेश निषाद, अनीता साहू, खिलेश्वरी, कृष्णकुमार विश्वकर्मा, निर्मल साहू सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।

भक्तिमय माहौल में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)



शारदीय नवरात्र पर ग्राम डांडेसरा में मारुति नंदन युवा दुर्गोत्सव समिति एवं नव जागृति दुर्गोत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की मूर्ति एवं ज्योति कलश की स्थापना गई थी। गांव में पूरे नौ दिनों तक भक्तिमय का वातावरण बना रहा।

सोमवार को महानवमी पर हवन के बाद मंगलवार को ग्राम में स्थापित मां दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन किया गया। इस दौरान पूरा गांव जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा और भक्ति में सराबोर नजर आए। दुर्गोत्सव समितियों द्वारा पंडाल सजाकर मां दुर्गा की मूर्तियों को विराजमान किया गया था। नौ दिनों तक समिति के सदस्यों और भक्तों के द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना, आरती, जसगीत, भजन-कीर्तन और जागरण का आयोजन किया गया। प्रतिदिन सुबह-शाम पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही।

सोमवार को महानवमी के अवसर पर यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भक्तों ने आहुति देकर माता से सुख-समृद्धि की कामना की। हवन-पूजन के पश्चात नौ कन्याओं का पूजन-अर्चन कर, नौ कन्या भोज कराया गया। मंगलवार को माता विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गांव की गलियों का भ्रमण करते हुए शीतला तालाब पहुंची, जहां विधि-विधान से मां दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान भक्त भावुक नजर आए।





नौ दिनों की पूजा-अर्चना के बाद मां दुर्गा को किया विदा

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

नया बाजार चौक सुपेला स्थित जन कल्याण नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना एवं सेवा-आराधना की गई। नौ दिनों तक भक्तिमय वातावरण में माता की आराधना करने के बाद श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। नवरात्रि के दौरान समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ माता रानी की सेवा की। माता की विदाई के समय श्रद्धालु भावुक नजर आए। भक्तों ने मां दुर्गा से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। इस धार्मिक आयोजन में पंडा बृजेश साहू, पुनेश्वर साहू सहित समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों का योगदान रहा।

सिहावा के शीतला शक्तिपीठ में हुआ ज्योत-जंवारा का विसर्जन

महानवमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पूजा-अर्चना के बाद हुआ भंडारा



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा स्थित शीतला शक्ति पीठ में शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन महानवमी की सुबह ज्योत-जंवारा का विसर्जन पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ। इस अवसर पर माता के दर्शन, पूजा-अर्चना एवं ज्योत-जंवारा विसर्जन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और माता के जयकारों से माहौल गुंजायमान हो उठा।

महानवमी की सुबह ज्योत-जंवारा विसर्जन के लिए शीतला शक्ति पीठ से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सरोवर स्नान एवं विसर्जन के लिए शीतला तालाब पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ ज्योत-जंवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान ऋषि पंचमी सेवा मंडली गणेश घाट सिहावा द्वारा प्रस्तुत माता सेवा गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। माता सेवा की मधुर धुन के बीच गढ़ के देवी-देवता अपने पारंपरिक स्वरूप में डांग आदि धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुए। देवी-देवताओं के पारंपरिक नृत्य और श्रद्धालुओं की सहभागिता ने विसर्जन यात्रा को विशेष आकर्षण प्रदान किया। तालाब में विसर्जन संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

मां सिद्धिदात्री की आराधना से मिलता है सकारात्मक ऊर्जा का संदेश

आचार्य नारायणप्रसाद पाठक ने कहा कि नवरात्रि के अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की जाती है। मां सिद्धिदात्री को सिद्धियों की प्रदाता माना गया है। उनकी आराधना से सुख, शांति, समृद्धि एवं आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। इस आयोजन में नरेंद्र नाग, नेमसिंह बिशेन, मंशा गौर, बलदेव निषाद, रामलाल नेताम, नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, लालेश्वर साहू, गगन नाहटा, भरत निर्मलकर, राजेश यदु, तुकाराम साहू, महेंद्र कौशल, सचिन मंसाली समेत अन्य भक्त मौजूद थे।

सांकरा सोसायटी में रिटायर्ड कर्मचारी से काम लेने पर उठे सवाल

- बेरोजगार युवाओं ने जताई नाराजगी
- ग्रामीणों ने की जांच और नई नियुक्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा







आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित सांकरा में सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से दोबारा काम लिए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों और बेरोजगार युवाओं ने इस पर आपत्ति जताते हुए सहकारिता विभाग के नियमों के पालन की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने के बाद भी उससे खाद वितरण और कार्यालय संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं।

युवा बेरोजगार होमन साहू, राजेश साहू, संजय साहू, चंद्रहास साहू, दुर्गेश भंडारी, विनय साहू और शुभम साहू ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी से दोबारा काम लेने के बजाय स्थानीय बेरोजगार युवाओं को अवसर दिया जाना चाहिए। लाकेश्वर साहू और भावेश चंदनिया ने भी पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार देने की मांग की।

ग्रामीणों ने कलेक्टर और उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि समाधान नहीं होने पर शिकायत की जाएगी।

दस दिन के भीतर हटाया जायेगा

सहकारी संस्था सांकरा के प्रबंधक जीवनलाल साहू ने बताया कि खाद के स्टॉक और किसानों को परेशानी से बचाने के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारी की सेवाएं ली गई थीं। अब किसानों की समस्या नहीं है और अगले दस दिनों के भीतर कर्मचारी को हटा दिया जाएगा।

गांधी चौक की प्रथम, इंदिरा नगर दूसरे स्थान पर

मिनी झांकी : कांतारा ने जीता पहला इनाम, बाल प्रतिभाओं ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





भक्ति, संस्कृति और हमारी पहचान के ध्येय वाक्य के साथ श्री राधाकृष्ण मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित मिनी झांकी प्रतियोगिता में रविवार शाम कुरुद की सड़कें श्रद्धा और उत्साह से सराबोर हो गईं। बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से निकाली गई इन झांकियों को देखने हजारों की संख्या में दर्शक उमड़े। गांधी चौक से राधाकृष्ण मंदिर तक निकले इस कारवां में भव्य लाइटिंग, पारंपरिक संगीत और जीवंत स्वरूपों ने सबका मन मोह लिया।

प्रतियोगिता में लगभग 15 बाल झांकियों ने हिस्सा लिया, जिनमें गांधी चौक द्वारा प्रस्तुत बहुचर्चित कांतारा की झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 5000 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। इंदिरा नगर की झांकी को दूसरा (3000 रुपये) तथा सूर्य नमस्कार चौक की झांकी को तीसरा स्थान (2000 रुपये) मिला। इसके अलावा वीर बेटियां, भगवान जगन्नाथ, कृष्ण लीला, श्रवण कुमार और छत्तीसगढ़ी लोक परंपरा पर आधारित झांकियां भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। सभी प्रतिभागी समितियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य मंच से विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने कहा कि कभी एक-दो झांकियों से शुरू हुआ यह आयोजन आज कुरुद की बाल प्रतिभाओं का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। आयोजन को सफल बनाने में समिति के बबलू सिन्हा, मानव श्रीवास, टीकम ध्रुव, सौरभ चंद्राकर, लक्की यादव सहित युवा कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



खबर संक्षेप

पुलिस बल को एएसपी ने किया ब्रीफ रवाना

कांकेर। रावण दहन एवं दुर्गा विसर्जन कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कांकेर पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 20 अक्टूबर को एएसपी योगेश साहू ने तैनात किए जाने वाले सभी पुलिस बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ब्रीफिंग की। इसके बाद पुलिस जवानों को विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए रवाना किया गया। इस दौरान भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और शांति बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

तेज रफ्तार कार दुकान में घुसी, दो लोग बाल-बाल बचे

पखांजूर। पखांजूर से बांदे मार्ग पर पीव्ही 79 में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक दुकान में जा घुसी। हादसा इतना जोरदार था कि दुकान के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं कार का अगला हिस्सा भी बुरी तरह टूट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के वक्त कार में दो लोग सवार थे, जो बाल-बाल बच गए। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई।

प्रथम पृष्ठ का शेष

हार्नबिल रेस्टोरेंट : मालाबार पाइड हार्नबिल....

आबादी में सीधी वृद्धि नहीं माना जा सकता। इसके लिए इनके घोसले बनाने, प्रजनन की सफलता और दीर्घकालीन व्यवहार पर नजर रखी जा रही है। उदंती रेंज में हार्नबिल का विस्तार साबित करता है कि जंगल को सुरक्षित रखने तथा स्थानीय समुदायों को साथ लिया जाए तो संकटग्रस्त वन्य जीव सुरक्षित ही नहीं , प्राकृतिक परिवेश में फलते फूलते भी हैं।

धू धू कर जला 45 फीट का रावण

तैयार किया गया था। रावण का आकार और बनावट अच्छी थी, लेकिन चर्चा में रही कि इस बार 9 सिर वाला पुतला तैयार किया है। आयोजन में निगम द्वारा दर्शकों के लिए सुरक्षा और बैठक व्यवस्था भी अच्छी रखी गई थी। वीआईपी, पत्रकार, जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोगों के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त मंच के सामने भी मैट बिछाकर लोगों के लिए बैठक व्यवस्था की गई। दशहरा उत्सव में नगर निगम के अतिरिक्त अन्य विभाग का सहयोग रहा। रावण दहन के बाद नगर निगम द्वारा मनमोहक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया, जिसके चलते रावण दहन के बाद भी लोग मैदान पर डटे रहे।

जस सेवा गीतों और जयकारों से गूंजी सड़कें

चंडी-शीतला मंदिर के ज्योत-जंवारा का जलसन तालाब में हुआ विसर्जन

- घरों के सामने रंगोली सजाकर श्रद्धालुओं ने लिया मातारानी का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर नौ दिनों तक चले शक्ति की उपासना और स्तुति के बाद दशमी तिथि पर कुरूद नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं और ज्योत-जंवारा के विसर्जन का सिलसिला पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। नगर की अधिष्ठात्री देवी मां चंडी और शीतला माता मंदिर के ज्योत-जंवारा को पारंपरिक जलसन तालाब में विसर्जित किया गया। इस दौरान विसर्जन यात्रा के पूरे मार्ग में मातारानी के जयकारों और पारंपरिक जस सेवा गीतों से समूचा नगर भक्तिमय बना रहा।

मंगलवार को दोपहर चंडी मंदिर और शीतला मंदिर प्रांगण से ढोलक की थाप और सेवा गीतों के बीच भव्य जंवारा विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा चंडी मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी चौक, बजरंग चौक होते हुए पारंपरिक जलसन तालाब पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन संपन्न हुआ। इसी क्रम में गांधी चौक, बजरंग चौक और नया तालाब कारगिल चौक में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को भी भव्य शोभायात्रा के साथ जलसन तालाब में विसर्जित किया गया। वहीं ग्रामीण अंचल में भी स्थापित प्रतिमाओं का स्थानीय नदियों और तालाबों में विसर्जन किया गया।

शोभायात्रा के स्वागत के लिए नगरवासियों में भारी उत्साह देखा गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने रंगोली सजाई और मातारानी को श्रीफल भेंटकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। विसर्जन के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और मंदिर समितियों द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और धर्मप्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए।

रावनगुड़ा में मां दुर्गा की मूर्ति हुआ विसर्जन



सिर्री। ग्राम रावनगुड़ा में शारदीय नवरात्रि पर्व के समापन पर मां दुर्गा की प्रतिमा का भक्तिभाव और धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया। नवरात्र भर पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के बाद श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी। विसर्जन यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जय माता दी और मां दुर्गा के जयकारों से पूरा माहौल धर्ममय हो उठा। जलाशय में विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ माता की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। ग्रामीणों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

हवन के बाद भक्तों को खीर पूड़ी बांटी गई



मगरलोड। नवरात्रि पर ग्राम अरौद के आदर्श मिलन चौक एवं महावीर चौक पर मूर्ति स्थापित कर माता की नौ दिनों तक पूजा-अर्चना की गई। हवन कार्य के बाद अष्टमी के दिन माता के भक्तों तथा समिति के सदस्यों द्वारा खीर पूड़ी का वितरण किया गया। माता के पुजारी कामताराम साहू के मार्गदर्शन में नौ कन्या भोज कराया गया। नौ दिनों तक मोहल्लेवासी दुर्गा माता की भक्ति में जुटे रहे।

किसानों को दी उन्नत कृषि तकनीक और प्राकृतिक खेती की जानकारी



- कम लागत में बेहतर उत्पादन के लिए फसल विविधीकरण अपनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड के दंतेश्वरी माता मंदिर परिसर में कृषि की उन्नत तकनीकों एवं प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को जागरूक करने जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दंतेश्वरी माता एवं किसानों के आराध्य भगवान बलराम की पूजा-अर्चना और गीत के साथ किया।

मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कुमार साहू थे। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष रुक्मणि तोरण सिन्हा, कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केएस नरेटी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संतोष कुमार राठिया, सुरुज देवांगन, भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष तोमन सिंह साहू, चेतन विंझेकर, धनराज साहू, रामविशाल निषाद और मंशा राम साहू उपस्थित रहे। केएस नरेटी ने किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन, खाद विक्रय, कृषि की नवीन तकनीकों, फसल चक्र परिवर्तन, अनुदान, जैविक खाद तथा संतुलित उर्वरक प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने दलहन और तिलहन फसलों की खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया। तोमन सिंह साहू ने पारंपरिक खेती के साथ प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने तथा कम पानी और कम लागत में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों की खेती पर जोर दिया। चेतन विंझेकर और सुरेश साहू ने खेतों में उपलब्ध नमी के अनुसार मक्का एवं उड़द की फसल लगाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन मंशाराम साहू ने किया। इस आयोजन में नरेंद्र, पूरन कोसले, ईश्वर, गैंदलाल, रामजी, बसंत, शुकुल, विनोद अग्रवाल सहित दर्जनों किसानों ने सहभागिता की।

आवारा मवेशी फसल को पहुंचा रहे नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭डाही(धमतरी)



ग्राम पंचायत हंकारा में स्थित कांजी हाउस खंडहर में तब्दील

इन दिनों आवारा मवेशियों के आतंक से डाही, हंकारा, कसही, बोड़रा और अंगारा के किसान परेशान हैं। आवारा मवेशी झुंड के रुप में खेतों में घुसकर धान की खड़ी फसल को रौंदकर और चरकर बर्बाद कर रहे हैं। किसान नीलूराम देवांगन, रामदास मनहरे, परस ठाकुर ने बताया कि इस समय धान की फसल निकलने पर है। दिन- रात मेहनत कर किसान फसल को तैयार कर रहे हैं, लेकिन आवारा मवेशी रात के समय और दिन में भी खेतों में घुस जाते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कांजी हाउस तो बने हैं, लेकिन वहां मवेशियों के लिए चारा- पानी और देखरेख की उचित व्यवस्था नहीं होने से मवेशी फिर से खेतों की ओर लौट आते हैं। किसानों ने ग्राम पंचायत और जिला प्रशासन से मांग की है कि आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में पुनः रखा जाए। वहीं ग्राम पंचायत हंकारा में स्थित कांजी हाउस खंडहर में तब्दील हो गया है।

नवरात्र पर्व पर बिरेतरा में गूंजा भक्तिमय जसगीत

धमतरी। शारदीय नवरात्र पर ग्राम बिरेतरा में जसगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना डीपेन्द्र साहू अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर श्री नारायण हॉस्पिटल रायपुर के चिकित्सक डॉ. मनोज गुप्ता भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि नवरात्र का पर्व शक्ति की उपासना, आस्था, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ ही समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। आगे कहा कि किसी भी गांव की सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता ही उसकी विशिष्ट पहचान होती है।



धूमधाम से किया मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन



धमतरी। ग्राम भोथली (बलियारा) में नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चार दिनों तक जस झाकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डांडिया नृत्य प्रतियोगिता भी हुई। नवरात्रि के अंतिम दिवस धूमधाम से मां दुर्गा का विसर्जन किया गया। जस गीतों के माध्यम से गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। प्रियंका साहू ने अपने सिर पर जोत कलश धारण की थी। मां दुर्गा का विसर्जन शीतला माता मंदिर तालाब में किया गया। इस अवसर पर पंडा तोरण साहू, हंसराज साहू, टिकेश्वर साहू, मुनीश साहू, घनश्याम साहू, रमेश साहू, पवन यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



अंचल की खबरें

भजन और रास गरबा से सजी अग्रवाल महिला सम्मेलन की शाम



धमतरी। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन धमतरी द्वारा मठ मंदिर में भजन एवं रास गरबा का आयोजन किया गया। शाम 4 से 6 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में अग्र बहनों ने भजन-कीर्तन के साथ रास गरबा का आनंद लिया। धार्मिक भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह से माहौल भक्तिमय हो गया। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना तथा आपसी मेल-मिलाप को बढ़ावा देना रहा। यह आयोजन अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की अध्यक्ष कविता अग्रवाल एवं उनकी टीम के सानिध्य में संपन्न हुआ।

कंडेल में नम आंखों से दी गई मां दुर्गा को विदाई



पुरी(धमतरी)। कंडेल में हर्षोल्लास और नम आंखों के साथ मां दुर्गा को विदाई दी गई। सुबह से ही पूजा पंडालों में माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने माता को सिंदूर लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालु ऐश्वर्या जगराता परिवार कंडेल के साथ झूमते नजर आए। माता के जयकारों से पूरा माहौल गुंजायमान हो उठा। शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। मां की विदाई के दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। इस अवसर पर आदर्श दुर्गा उत्सव समिति श्रीवास्तव चौक के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने जस गीत झांकी का लिया आनंद



धमतरी। ग्राम कुर्रा में कौशल्या नंदन मां दुर्गा आगमन समिति द्वारा दुर्गोत्सव के अवसर पर अजय उपकार जस गीत झांकी पोटिया जिला दुर्ग की मनमोहक प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ कन्हैयालाल साहू संस्थापक केएल उद्यानिकी महाविद्यालय पोटियाडीह ने किया। श्री साहू ने अपने उद्बोधन में शक्ति की स्वरूपों पर व्याख्या करते हुए शिक्षा की शक्ति का निरूपण किया। विशिष्ट अतिथि चिंताराम साहू, आत्माराम साहू, लोकेश्वर बंछोर, गोपालराम साहू, लीलाराम नेताम, गिरधारी साहू, धनीराम सिन्हा थे। चिंताराम साहू ने भी अपने विचार रखे। ग्रामवासियों ने देर रात तक जस गीत झांकी का आनंद लिया। मौके पर तरुण साहू, तोषण सिन्हा, मुकेश साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

संबलपुर मार्शल आर्ट क्लब के तीन खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



धमतरी। मार्शल आर्ट क्लब संबलपुर में अभ्यासरत तीन छात्रों माध्यमिक शाला संबलपुर के किशनदास मानिकपुरी, हर्ष कुमार साहू और सर्वोदय स्कूल के निहाल सिन्हा ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह आयोजन 15 से 18 अक्टूबर तक रायपुर में हुआ। अंडर 14 आयु वर्ग में माध्यमिक शाला संबलपुर के किशनदास मानिकपुरी गोल्ड और अंडर 19 वर्ग में सर्वोदय स्कूल के निहाल सिन्हा ने गोल्ड मेडल पर कब्जा कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। छात्रों की इस सफलता पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति संबलपुर के दीपक ध्रुव, सरपंच राजेश चंद्राकर, नीशु चंद्राकर, तारेंद्र चंद्राकर, प्राचार्य हरमीत कौर खालसा, प्रशिक्षक ओंकार लाल पटेल, व्यायाम शिक्षक प्रमोद शार्दुल, शशिप्रभा चंद्राकर, कुसुम साहू, नम्रता जाधव, अनीता पाण्डेय समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

- दो छात्रों ने जीता गोल्ड मेडल, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बनाया स्थान

आस्था और लोक संस्कृति को सहेजने में धार्मिक आयोजन महत्वपूर्ण

धमतरी। मां सिद्धिदात्री नवदुर्गा सेवा समिति बाजार चौक बोड़रा के तत्वावधान में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष हरमीतसिंह होरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जय भोले बाबा अघोरी जस झांकी एवं फाग परिवार खुसीपार द्वारा आकर्षक धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। श्री होरा ने आम लोगों के बीच बैठकर धार्मिक झांकियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इस अवसर पर श्री होरा ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी आस्था, परंपरा और लोक संस्कृति को सहेजने एवं आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में उनके साथ विशाल शर्मा, विक्रांत शर्मा, राहुल बख्तानी, पवन वाधवानी, अंकित गोयल सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



खबर संक्षेप



डाही में नाचते-गाते भक्तों ने माता को दी विदाई

डाही(धमतरी)। मंगलवार को डाही सहित अंचल में विराजित मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। डाही में विराजित आदर्श नवयुवक गुलमत बाल समाज महावीर चौक, नव युवक बाल समाज दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक सहित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। भक्तों ने मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी। मांदर की थाप पर बाना लेकर त्साह से नाचते गाते माता को विदाई दी गई। जगह- जगह आरती उतार कर श्रद्धालुओं ने माता को नम आंखों से विदाई दी। प्रतिमाओं का विसर्जन गांव के ही शीतला तालाब में किया गया। इस दौरान देवेंद्र साहू, गितेद्र नेताम, खोमेंद्र साहू, गंगाधर गंगबेर, तुमेश नेताम, परस ठाकुर, युधिष्ठिर ध्रुव, चद्रहांस मंडावी समेत अन्य उपस्थित थे।

चिल्हाटी में 23 से राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

कोरर। दशहरा एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम चिल्हाटी कोरर में परम पूज्य पंडित देवीदास की स्मृति में 23 एवं 24 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 25 अक्टूबर 2026 को दोपहर 1 बजे होगा। प्रथम पुरस्कार 11,111 रुपये, द्वितीय 7,777 रुपये और तृतीय पुरस्कार 4,444 रुपये रखा गया है। इसी दिन रात 9:30 बजे दशहरा लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कला मंच की गायिका छाया चंद्राकर लोक छाया की प्रस्तुति देंगी।

दशहरा अवकाश में भी जारी नवोदय कोचिंग

दुर्गूकोंदल। दशहरा अवकाश के दौरान भी विद्यार्थियों की पढ़ाई की निरंतरता बनाए रखने और उन्हें जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से संकुल केंद्र कोंडे में संकुल स्तरीय नवोदय कोचिंग कक्षाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकें। कोचिंग कक्षाओं में विद्यार्थियों को मानसिक योग्यता, अंकगणित, पर्यावरण अध्ययन एवं हिंदी विषयों की विशेष तैयारी कराई जा रही है। शिक्षकों द्वारा बच्चों की विषयगत कमजोरियों को पहचानकर उन्हें दूर करने, प्रश्नों को हल करने की तकनीक समझाने और अभ्यास के माध्यम से उनकी क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान कर उनमें आत्मविश्वास विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। आमतौर पर अवकाश के दौरान बच्चों की नियमित पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए संकुल केंद्र कोंडे द्वारा अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने की पहल की गई है, जिससे विद्यार्थियों का अध्ययन नियमित बना रहे और नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी में कोई बाधा न आए। प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्य बाबूलाल कोमरे के मार्गदर्शन में यह पहल संचालित की जा रही है।

वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

धमतरी मार्ग पर बड़े पेड़ों की मशीन से कटाई के बाद पक्का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

धमतरी मार्ग स्थित मुख्य सड़क के किनारे बड़े-बड़े पेड़ों की कटाई किए जाने और इसके बाद संबंधित स्थल पर पक्का निर्माण कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। सामान्य वनमंडल नगरी क्षेत्र अंतर्गत सड़क किनारे पेड़ों की कटाई और निर्माण गतिविधियों को लेकर वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर इस बात को लेकर भी चर्चा है कि आखिर मुख्य मार्ग के किनारे बड़े पेड़ों की कटाई किसकी अनुमति से की जा रही है और निर्माण कार्य के लिए संबंधित विभागों से आवश्यक स्वीकृति ली गई है या नहीं।

स्थानीय लोगों के अनुसार धमतरी मार्ग के किनारे स्थित बड़े पेड़ों और झाड़ियों की कटाई की गई है। आरोप है कि कुछ इमारती लकड़ियों को आरा मशीन से भी काटा गया है। जड़ से उखाड़ फेंककर दिया गया है। पेड़ों की कटाई के बाद संबंधित स्थान पर पक्का निर्माण कार्य किए जाने की बात सामने आई है। इससे क्षेत्र में वन संपदा की सुरक्षा और शासकीय भूमि पर संभावित अतिक्रमण को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।





भविष्य में क्षेत्र में अतिक्रमण की आशंका

मुख्य मार्ग किनारे वर्षों पुराने पेड़ पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ राहगीरों को छाया प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में बड़े पेड़ों की कटाई और उसके बाद निर्माण कार्य की गतिविधियां सामने आने से स्थानीय लोगों में चिंता है। लोगों का कहना है कि यदि सड़क किनारे पेड़ों की कटाई और निर्माण कार्य पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में इस क्षेत्र में अतिक्रमण की स्थिति निर्मित हो सकती है।

नगर पंचायत की एनओसी को लेकर भी उठे सवाल

निर्माण स्थल नगर पंचायत नगरी की सीमा में होने पर यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या संबंधित निर्माण के लिए नगर पंचायत से आवश्यक अनुमति अथवा अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्राप्त किया गया है। निर्माण कार्य के लिए निर्धारित नियमों का पालन किया गया है या नहीं, यह भी जांच का विषय है।

उचित कार्रवाई की जाएगी

इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी नगरी सामान्य जोशी ने बताया कि अवैध लकड़ी कटाई की निगरानी की जिम्मेदारी डिप्टी रेंजर और बीट प्रभारी की होती है। उनके द्वारा इस मामले की कोई जानकारी नहीं दी गई है। जानकारी मिलने पर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

विजयादशमी पर मराठा समाज के घर-घर हुई शस्त्र पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- परंपरानुसार रावण वध कर मनाया पर्व

विजयादशमी पर्व पर मराठा समाज में परंपरानुसार घर-घर शस्त्र पूजा की गई। संध्या के समय मराठा परिवारों ने अपने शस्त्रों की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और विजय की कामना की। इसके बाद समाज के सदस्यों ने शहर में जुलूस निकालकर माता रानी का आशीर्वाद लिया।

मराठा समाज के सदस्य मोहन राव रणसिंह ने बताया कि विजयादशमी पर शस्त्र पूजा की परंपरा का विशेष महत्व है। जुलूस के बाद घर लौटकर परिवारों में गेहूं से बने रावण का वध किया गया। इसके पश्चात महिलाओं ने आरती उतारकर पूजा-अर्चना की और परिवार के सदस्यों को प्रसाद खिलाया। समाज के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाए गए इस पर्व ने समाज में धार्मिक आस्था, आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत किया।



आकर्षक झांकियों में दिखी सनातनी एकता और सांस्कृतिक चेतना की झलक







- दुर्गा विसर्जन झांकी महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मां दुर्गा विसर्जन झांकी महोत्सव आयोजन समिति एवं हिन्दू जागरण मंच के तत्वावधान में आयोजित माता रानी विसर्जन झांकी महोत्सव 2026 श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने आकर्षक झांकियों का आनंद लिया। विभिन्न समितियों की प्रस्तुतियों में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना और सनातनी एकता की झलक देखने को मिली।

महोत्सव में विभिन्न झांकी समितियों ने पंजीयन कराकर अपनी आकर्षक झांकियां निकालीं। मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। आयोजन ने धार्मिक परंपराओं के संरक्षण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक लेखराम साहू, गौ सेवा जिला अध्यक्ष हेमराज सोनी, जिला साहू समाज अध्यक्ष गणेशराम साहू, नंदू जसवानी, अजय जैन, मोहन लाल साहू, कानाराम, लक्ष्मण पहलवान, दीपक सिंह ठाकुर, गोल्डी जैन, धनेश्वर निर्मलकर, रवि देवांगन, नीलमणि साहू, दिलीप पटेल, यशवंत साहू, उपेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, दिलीप जैन, गौरव मगर एवं रोनित सहारे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस आयोजन में चित्रेश साहू, पुरुषोत्तम निषाद, डाकेश्वर साहू, अभिषेक साहू, प्रतीक सोनी, सत्यम सिन्हा, सनत साहू, संजय साहू, शिवांश पटवा, अनिमेष चंदेल, हिमांशु साहू, आदित्य साहू, हितेश धृतलहरे, प्रवीण साहू, अर्पित बैसवाड़ा, गौरव साहू, राजा साहू, पुलकित साहू, आयुष पात्र, हेमशंकर साहू एवं फलेंद्र साहू का योगदान रहा।

माता शीतला के खड्ग से होगा सहस्त्रबाहु रावण का वध आज

- छिपलीपारा में सदियों पुरानी परंपरा का आज होगा निर्वहन
- परंपरा देखने उमड़ते हैं ग्रामीण, महिलाओं का प्रवेश प्रतिबंधित



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड के ग्राम छिपलीपारा सिहावा में एकादशी पर सदियों पुरानी धार्मिक परंपरा के तहत माता शीतला के खड्ग से मिट्टी से निर्मित नग्न सहस्त्रबाहु रावण का वध किया जाएगा। इस अनूठी परंपरा को देखने के लिए प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ती है। शीतला मंदिर के पुजारी द्वारा माता के खड्ग से सहस्त्रबाहु का वध किया जाता है। इस परंपरा की विशेषता यह है कि आयोजन में महिलाओं का प्रवेश प्रतिबंधित रहता है। ग्रामीण सहस्त्रबाहु के पुतले की मिट्टी को विजय का प्रतीक मानकर अपने साथ ले जाते हैं।

सिहावा शीतला शक्तिपीठ के अध्यक्ष ने बताया कि ग्राम छिपलीपारा में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। एकादशी के दिन मिट्टी से सहस्त्रबाहु रावण की प्रतिमा तैयार की जाती है, जिसका माता शीतला के खड्ग से वध किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीराम द्वारा लंकापति रावण का वध करने के बाद माता सीता ने उन्हें सहस्त्रबाहु के वध की चुनौती के बारे में बताया था। इसके बाद भगवान श्रीराम ने सहस्त्रबाहु पर आक्रमण किया, लेकिन ब्रह्मा से प्राप्त वरदान के कारण वे उसका वध नहीं कर सके।

आदिशक्ति ने किया था सहस्त्रबाहु का वध

लोक मान्यता के अनुसार सहस्त्रबाहु ने मर्यादा का उल्लंघन करते हुए माता सीता के समक्ष नग्न होकर उन्हें ललकारा तब माता सीता ने आदिशक्ति का स्वरूप धारण कर अपने खड्ग से सहस्त्रबाहु का वध किया। इसके बाद माता शांत होकर धरती में समाहित हो गईं। इसी धार्मिक मान्यता से इस परंपरा को जोड़कर देखा जाता है।

राष्ट्रभक्ति और संस्कृति के रंगों के साथ आराध्य गरबा का समापन



- छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, रानी लक्ष्मीबाई और भगत सिंह के रूप में नजर आए प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आस्था, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता के अद्भुत संगम आराध्य गरबा 2026 का समापन हुआ। अंतिम दिवस पर गरबा परिसर में कोई छत्रपति शिवाजी महाराज, कोई महाराणा प्रताप, कोई रानी लक्ष्मीबाई, तो कोई भगत सिंह, मंगल पांडे और भारतीय सैनिक के स्वरूप में नजर आया। भारत माता और मां भारती के वीर सपूतों के विविध रूपों ने पूरे परिसर को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में कुरुद विधायक अजय चंद्राकर शामिल हुए। पूर्व विधायक हर्षद मेहता, पूर्व विधायक रंजना साहू, निगम सभापति नरेंद्र रोहरा, नरेश जसूजा विजय साहू, विजय मोटवानी ने भी सहभागिता की। अजय चंद्राकर और पंडित राजेश शर्मा ने भगवती की पूजा-अर्चना कर गरबा का शुभारंभ किया।



व्यक्ति अपने पद से नहीं, बल्कि कर्मों से बड़ा होता है : अजय

इस अवसर पर श्री चंद्राकर ने ने पंडित राजेश शर्मा को धर्मदूत बताते हुए कहा कि संस्कृति संरक्षण से जनसेवा तक उन्होंने कर्मों से पहचान बनाई। व्यक्ति अपने पद से नहीं, बल्कि अपने कर्मों से बड़ा होता है। संस्कृति संरक्षण से लेकर सेवा ही संकल्प की भावना के साथ जनसेवा में जुटे हैं। समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने और जरूरतमंदों की सहायता करने का यह प्रयास उनके कार्यों की विशेष पहचान बन रहा है।

भारत निर्माण में हमारे महापुरुषों ने दिया बलिदान : राजेश शर्मा

आयोजक एवं धर्मप्रेमी पं. राजेश शर्मा ने कहा कि आज हम जिस भारत को देख रहे हैं, उसके निर्माण में हमारे महापुरुषों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके आदर्शों को याद करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। गरबा ऐसा मंच है, जहां सभी लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ मां की आराधना करते हैं और गरबा खेलते हैं।

खिले प्रतिभागियों के चेहरे

आराध्य गरबा के अंतिम दिवस पर विजेताओं को एलईडी स्मार्ट टीवी, साइकिल, वॉशिंग मशीन, स्मार्ट वॉच, ईयरबड्स और आयरन सहित विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए। पंडित राजेश शर्मा ने पुरस्कार वितरण कर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। पुरस्कार पाकर बच्चों, युवाओं और गरबा प्रेमियों के चेहरे खिल उठे।

विजयादशमी पर एनएसयूआई ने निकाला मार्च प्रतीकात्मक पुतला दहन कर जताया विरोध

- प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह सहित 10 प्रमुख हस्तियों के नामों को विरोध से जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विजयादशमी के अवसर पर एनएसयूआई ने राजीव भवन से मार्च निकालकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मोहन भागवत, उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी सहित 10 प्रमुख सार्वजनिक हस्तियों के नामों को अपने राजनीतिक विरोध के प्रतीकात्मक पुतला दहन कार्यक्रम से जोड़ा। इस कार्यक्रम के माध्यम से संगठन ने लोकतंत्र, निष्पक्ष चुनाव और जनता के मताधिकार की रक्षा का संदेश दिया।



एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि दशहरा केवल रावण दहन का पर्व नहीं, बल्कि अन्याय, अहंकार और असत्य के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा भी देता है। संगठन ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग दोहराई। इस दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री अरविन्द दोशी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, पारसमणि साहू, राकेश मौर्य, शबीना अंजुम, शुभम साहू, गीतराम सिन्हा, चितेन्द्र साहू, जय श्रीवास्तव, नोमेश सिन्हा, नमन बंजारे, संजू साहू, उमेश साहू सहित अनेक एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पानी के अभाव में खेत में पड़ी दरार, धान फसल बर्बाद



धौराभाठा, भोथा के ग्रामीणों ने की नहर पानी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

विकासखंड के ग्राम धौराभाठा, भोथा में नहर से पानी नहीं मिलने पर धान फसल बर्बाद होने की कगार पर है। किसान प्रेमलाल साहू, पंच राम, अंकलहा, भोलाराम, कामताराम, गंगाराम, कार्तिकराम, बैसाखू, पुराण, प्यारी, बोधी, बोधन, पुनीतराम सहित लगभग सौ किसान के लगभग 350 पचास एकड़ धान फसल सूख कर बर्बादी की कगार पर है। धान फसल में गभोट तथा कुछ धान में बालियां निकल चुकी हैं। समय पर पानी नहीं मिलने से धान फसल सूख जाएगी। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग, जनप्रतिनिधि, प्रशासन से अतिशीघ्र नहर पानी देने की मांग की है।

जसगीत-झांकी कार्यक्रम में विधायक अंबिका मरकाम हुईं शामिल



- सराईटोला में 10 .50 लाख, खड़पथरा में 5 लाख की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शारदीय नवरात्रि एवं दुर्गा नवमी महोत्सव पर सिहावा विधानसभा क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। विधायक अंबिका मरकाम ने ग्राम सराईटोला और खड़पथरा में आयोजित जसगीत-झांकी कार्यक्रमों में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर सराईटोला में शीतला माता मंदिर निर्माण के लिए 10 लाख 50 हजार रुपये तथा खड़पथरा में शीतला माता मंदिर परिसर में शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी के अध्यक्ष अनवर रजा, सेवादल अध्यक्ष अय्यूब खान, रवि नेताम, वर्धमान बोहरा, सोमनाथ नेताम, कीर्ति मरकाम, सरपंच श्री नेताम, उपसरपंच लता मरकाम, गोहननाला सरपंच कुंजाम, रूपराय, उत्तम नेताम सहित अन्य मौजूद थे।

विधायक ने अपने हाथों से बांटी महाप्रसादी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू सदर दुर्गा उत्सव समिति धमतरी द्वारा आयोजित महाप्रसादी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मां दुर्गा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। विधायक श्री साहू ने श्रद्धालुओं एवं समिति के सदस्यों से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री आकाश गोलछा, पार्षद दिनेश लूनिया सहित सदर दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।





